आधी रात को एसपी ने किया श्रावस्ती थाने का निरीक्षण

श्रावस्ती। मंगलवार को आधी रात में एसपी घनश्याम चौरसिया क्षेत्र का भ्रमण करने निकले। उन्होंने सेमरी तिराहा पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया। इसके बाद नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती पहुंच कर निरीक्षण किया। थाने में मौजूद कर्मचारियों से कुशल क्षेम जानते हुए क्षेत्र के चुनाव की तैयारी के साथ-साथ हिस्ट्रीशीटर व शातिर अपराधियों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही अपराधियों की निरंतर निगरानी करने, वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।